■ अमरावती ■ मंगलवार, 10 फरवरी 2026 ■ अमरावती, नागपुर, अकोला, यवतमाल, बुलढाणा, वाशिम व वर्धा का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक ■ अंक- 15 ■ वर्ष - 33 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य - 6.00 रु. डाक पंजीयन ATI/RNP/052/2015-2017/आर. एन.आई. क्र. 63271/94

# प्रतिदिन अखबार

33 वां वर्ष

www.pratidinakhabar.com


## रक्षा स्टार्टअप को बढ़ावा देने आगे आएं

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**नागपुर,9 फरवरी-** नीति आयोग के सदस्य और डीआरडीओ के पूर्व महानिदेशक वीके सारस्वत का कहना है कि रक्षा स्टार्टअप बेहतर काम कर रहे हैं. उन्हें वित्तीय मदद करने को उद्यमियों को आगे आना चाहिए. सारस्वत एडवांटेज विदर्भ -2026 बिजनेस कॉन्क्लेव और इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए तय आवंटन बताता है कि देश का फोकस अब भविष्य के युद्धों में जरूरी हथियारों और उपकरणों के बड़े पैमाने पर उत्पादन पर होगा.यह ऑपरेशन सिंदूर में हथियारों के चुनाव और उनके उत्पादन की प्राथमिकता के बारे में सीखे गए सबक के अनुरूप हैं.

## सफलता के लिए निरंतरता जरूरी

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार



**नई दिल्ली, 9 फरवरी-**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त अरब अमीरात के एनआरआई छात्रों के साथ संवाद का वीडियो यूट्यूब पर साझा किया. उन्होंने युवाओं (जेन-जी) को संदेश दिया कि जीवन कभी सीधी लकीर की तरह नहीं चलती. सफलता के लिए लचीलापन और निरंतर जुटे रहना जरूरी है.कांग्रेस नेता ने युवाओं को जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए लचीलापन और दृढ़ता अपनाने की सलाह दी.

## फुले की प्रतिमा तोड़ने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार



**मुंबई, 9 फरवरी-** मंत्री छगन भुजबल ने तेलंगाना में समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के साथ तोड़-फोड़ करने के कृत्य की निंदा की और अमित शाह से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया.छह फरवरी को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में कुछ उपद्रवियों ने प्रतिमा को निशाना बनाया था. भुजबल ने शाह को लिखे पत्र में कहा कि ज्योतिबा फुले जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को निशाना बनाकर की गई घटनाएं प्रगतिशील सामाजिक चिंतन पर हमला हैं और एक लोकतांत्रिक समाज में इन्हें बर्दाश्त नहीं किया जा सकता.

## स्कूल में नाश्ते के बाद 74 छात्र बीमार

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**मारेदुमिल्ली, 9 फरवरी-** पोलावरम जिले के देवरपल्ली स्थित सरकारी आदिवासी कल्याण स्कूल में 74 छात्र बीमार पड़ गए. इन सभी ने नाश्ते में इडली और चटनी खाई थी. मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं. रामपचोडावरम के डीएसपी साई प्रशांत ने बताया कि स्कूल में कुल 255 छात्रों ने नाश्ता किया था. इसके बाद 74 बच्चों को उल्टी और पेट में दर्द होने लगा.18 छात्रों को मारेदुमिल्ली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.

## जंगलों में आग पर केंद्र को नोटिस

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**नई दिल्ली, 9 फरवरी-**देशभर के जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं को लेकर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और कई वैधानिक प्राधिकरणों को नोटिस जारी किया है.यह नोटिस जंगल की आग की रोकथाम और प्रबंधन के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया. एनजीटी की पीठ की अध्यक्षता चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने की.

### शेयर

सेन्सेक्स : 84,065.75 (+485.35)
निफ्टी : 25,867.30 (+173.60)

# जिप चुनाव : बीजेपी बनी 1 नंबर पार्टी

## उपमुख्यमंत्री शिंदे ने भी लगाया शतक; विपक्ष का सूपड़ा साफ





एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**मुंबई, 9 फरवरी-**महाराष्ट्र की राजनीति में मिनी विधानसभा कहे जाने वाले स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे सोमवार को घोषित किए जा रहे हैं. राज्य के 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के लिए हुए इस चुनावी महासंग्राम में भाजपा ने नंबर एक की स्थिति बरकरार रखी है, जबकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भी 100 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया है.

**महायुति का दबदबा, विपक्ष पस्त**

दोपहर 2 बजे तक के रुझानों और नतीजों के अनुसार, जिला परिषद की कुल 731 सीटों में से 564 सीटों के रुझान सामने आए हैं.इसमें बीजेपी 198 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. वहीं, महायुति के अन्य घटक दलों में शिंदे गुट 124 सीटों और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 115 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है. इसके विपरीत, महाविकास अघाड़ी के लिए नतीजे उत्साहजनक नहीं रहे हैं.कांग्रेस केवल 44 सीटों, उद्धव ठाकरे की शिवसेना 36 सीटों और शरद पवार की राकांपा महज 13 सीटों पर सिमटती नजर आ रही है.

### बारामती में अजित दादा का दबदबा बरकरार!

पुणे महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्र बिंदु माने जाने वाले बारामती में एक बार फिर अजित पवार का जादू सिर चढ़कर बोला है. पुणे जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव 2026 के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बारामती के मतदाताओं ने अपने नेता के प्रति अपनी निष्ठा बरकरार रखी है.बारामती के मतदाताओं ने दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा चुने गए उम्मीदवारों को विजयी बनाकर अपने नेता का मान ऊंचा किया है.पुणे जिप की बारामती की सभी 6 सीटों पर राकांपा के उम्मीदवारों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. पंस के चुनावों में भी एनसीपी का एकतरफा वर्चस्व देखने को मिला. बारामती तालुका पंस की 12 सीटों में से 10 पर एनसीपी ने कब्जा जमाया है.

**कोंकण में महायुति की क्लीन स्वीप**

कोंकण क्षेत्र में महायुति ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है.चुनाव परिणामों की घोषणा से पहले ही महायुति की 27 सीटें निर्विरोध चुनी जा चुकी थीं.सिंधुदुर्ग जिले में बीजेपी का दबदबा साफ दिखाई दिया, जहां नितेश राणे के नेतृत्व में वैभववाड़ी पंचायत समिति की सभी सीटों पर बीजेपी ने जीत का गुलाल उड़ाया है. अकेले सिंधुदुर्ग जिला परिषद में बीजेपी के 7 और शिंदे गुट का 1 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुआ है.

**दिग्गजों को झटका और कांटे की टक्कर:**परभणी जिले से एक बड़ा शेष पृष्ठ 2 पर

# राकांपा सुप्रीमो शरद पवार की तबीयत बिगड़ी

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार



**पुणे, 9 फरवरी-**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम शरद पवार की तबीयत बिगड़ गई है. उन्हें पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.28 जनवरी को भतीजे अजित पवार की प्लेन क्रैश में मौत के बाद से वह बारामती में थे. पवार ने अंतिम संस्कार के कार्यक्रमों के बाद भी पारिवारिक बैठकों में सक्रिय थे, लेकिन उनका स्वास्थ्य बिगड़ने पर पुणे लाया गया है. सूत्रों की मानें 83 साल के शरद पवार की कई दिनों तबीयत पूरी तरह से ठीक नहीं थी. डॉक्टरों ने उन्हें पुणे में एडमिट होने की सलाह दी. इसके बाद उन्हें पुणे में भर्ती कराया गया है.

**पुणे के अस्पताल में भर्ती**

**हेल्थ चेकअप के बाद फैसला :** स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार सोमवार सुबह बारामती स्थिति गोविंदबाग में शरद पवार की तबीयत की जांच की गई. इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें पुणे में भर्ती होने की सलाह दी.इसके बाद शरद पवार दोपहर में पुणे के लिए रवाना हुए. उनके गाड़ी के साथ एहतियात के तौर पर उनके साथ कार्डियक सुविधाओं वाली एम्बुलेंस भी थी. परिवार सूत्रों ने बताया कि पवार को लगातार खांसी और बलगम की शिकायत है, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है. सुरक्षा मास्क पहनकर वह एक अलग गाड़ी में यात्रा कर रहे थे, जबकि मेडिकल सपोर्ट स्टैंडबाय पर था.

# 54000 करोड़ की साइबर ठगी डकैती-लूट

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा - रकम कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**नई दिल्ली, 9 फरवरी-**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल फ्रॉड से हुई 54 हजार करोड़ की ठगी को डकैती और लूट बताया. कोर्ट ने कहा कि यह रकम कई छोटे राज्यों के बजट से भी ज्यादा है. कोर्ट ने केंद्र सरकार से इससे निपटने के लिए गाइडलाइन बनाने को कहा है.



सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच ने कहा कि ये अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही से हो सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, दूरसंचार विभाग और अन्य बैंक को डिजिटल अरेस्ट के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा.साथ ही गृह मंत्रालय से आरबीआई और दूरसंचार विभाग के नियमों को देखकर चार हफ्ते में ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है.

**कोर्ट ने मामलों की जांच सीबीआई को दी थी**

कोर्ट पहले ही इन मामलों की जांच सीबीआई को सौंप चुकी है. साथ ही गुजरात और दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि वे इन मामलों में सीबीआई जांच की मंजूरी दें.मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी.

## एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**नई दिल्ली, 9 फरवरी-**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की. कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है. जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे. साथ ही कोर्ट ने बंगाल रक्क की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है.

# बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार



**नई दिल्ली, 9 फरवरी-**विपक्षी पार्टियां लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही हैं. समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि लोकसभा स्पीकर सदन में पक्षपात करते हैं. विपक्ष ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है, जब विपक्ष आरोप लगा रहा है कि राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है. इस मुद्दे पर संसद में बीते कई दिनों से हंगामा हो रहा है.लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष में नाराजगी बढ़ने की एक अन्य वजह उनका एक बयान है, जिस पर भी खासा विवाद हो रहा है.

**विपक्ष ने लगाए गंभीर आरोप**

**बजट सत्र के दूसरे चरण में अविश्वास प्रस्ताव**

सूत्रों के अनुसार, विपक्ष बजट सत्र के दूसरे चरण में ये अविश्वास प्रस्ताव लेकर आ सकता है क्योंकि नियमों के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने के लिए 20 दिन का समय चाहिए होता है.स्पीकर के खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की कई वजह बताई जा रही हैं, जिनमें शेष पृष्ठ 2 पर

### राहुल को बोलने से रोकने का आरोप

लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलते हुए राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव के मुद्दे पर गंभीर आरोप लगाए थे और दावा किया कि डोकलाम में चीनी टैंक घुस आए थे.हालांकि सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था. जिसके बाद स्पीकर ने राहुल गांधी को बोलने से रोक दिया, जिस पर हंगामा हुआ.

## एससी पहुंचा हिमंता का शूटिंग वीडियो विवाद

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**नई दिल्ली, 9 फरवरी-**असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से जुड़े कथित शूटिंग वीडियो को लेकर विवाद अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुँच गया है.



दिल्ली के पूर्व उप राज्यपाल नजीब जंग समेत 12 सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दायर कर उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों द्वारा नफरत फैलाने और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया है. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई वरिष्ठ मंत्री और राज्यपाल लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जो मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाते हैं और संविधान द्वारा निर्धारित मूल्यों व मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं.

# टेक्नोलॉजी का गुलाम न बनें

## परीक्षा पे चर्चा पर बोले मोदी, कहा- तकनीक के जरिए क्षमता को विकसित करें

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**नई दिल्ली, 9 फरवरी-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें एडिशन के दूसरे एपिसोड में देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की.



पीएम मोदी कोयंबटूर से छत्तीसगढ़ पहुंचे और बच्चों से बात की. इसके बाद पीएम गुवाहाटी के अष्टलक्ष्मी पहुंचे. पीएम ने कहा कि कभी भी टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं बनना चाहिए. टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने में करें.दूसरे एपिसोड में पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ने के साथ, लिखकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी. साथ ही बच्चों से कहा कि पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे.

**परीक्षा के समय तनाव कैसे कम करें :**आप पुरानी परीक्षा के दिनों को याद कीजिए.जब आप पुरानी परीक्षाओं को याद करेंगे, तो आपको लगेगा उस समय भी तनाव था, लेकिन जब वह परीक्षा देकर आ गया, तो कुछ नहीं था. ऐसा होता है ना. परीक्षा के लिए सबसे अच्छी चीज होती है कि आप पेपर सॉल्व करने की आदत डालें. लिखने की आदत डालें.अगर खुद आप इस तरह से प्रैक्टिस करते रहेंगे तो आपको कभी तनाव नहीं होगा.

### कमजोर क्लासमेट्स की मदद

पीएम ने छात्रों को पढ़ाई में कमजोर क्लासमेट्स की मदद करने के लिए कहा.उन्होंने कहा कि छात्रों को उनसे दोस्ती करनी चाहिए और उन्हें टॉपिक समझाने चाहिए. दूसरों को पढ़ाने से खुद भी बेहतर सीखने में मदद मिलती है.

## सिद्दीकी हत्याकांड : आरोपी आकाशदीप को जमानत

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार



**मुंबई, 9 फरवरी-**बॉम्बे हाईकोर्ट ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी हत्या में पहले आरोपी को जमानत दे दी है. 12 अक्टूबर, 2024 को मुंबई के बांद्रा में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद पुलिस ने आकाशदीप कराज सिंह को मुख्य आरोपी बनाया था. सोमवार को हाईकोर्ट ने आकाशदीप की जमानत मंजूर कर दी. 21 साल का आकाशदीप पंजाब के फाजिल्का जिले को रहने वाले हैं. बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में आकाशदीप पहला आरोपी है. जिसे जमानत मिली है. बाबा सिद्दीकी की हत्या में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल की भूमिका मानी गई थी.

# एकतरफा प्यार में लॉ स्टूडेंट की हत्या

## छात्र ने क्लासरूम में घुसकर सिर में गोली मारी; खुद को भी शूट किया

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**चंडीगढ़, 9 फरवरी-**पंजाब के तरनतारन में एक लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही क्लासमेट ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली. आरोपी की हालत गंभीर बताई जा रही है. इस वारदात के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है.



मृत छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई. वहीं गोली चलाने वाले छात्र का नाम प्रिंस राज बताया जा रहा है. यह घटना कॉलेज के अंदर क्लासरूम में उस समय हुई जब पढ़ाई चल रही थी और सब कुछ सामान्य नजर आ रहा था.मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि क्लास के दौरान प्रिंस राज अचानक क्लास रूम में आया और उसने अपने बैग से पिस्टल निकाली और सामने बैठी छात्रा संदीप कौर को बेहद करीब से गोली मार दी. अचानक हुई फायरिंग से क्लासरूम में हड़कंप मच गया. छात्र और शिक्षक कुछ समझ पाते, उससे पहले आरोपी ने फिर से पिस्टल लोड की और अपने सिर पर गोली मार ली. आरोपी के पास से .32 बोर की पिस्टल बरामद हुआ. यह पिस्टल सेना में इस्तेमाल नहीं होती है.

**कॉलेज के अंदर हुई फायरिंग से फैली दहशत:**कुछ ही सेकेंड में कॉलेज का माहौल डर और दहशत में बदल गया. कानून की पढ़ाई करने वाले इस कॉलेज में इस तरह की घटना ने शेष पृष्ठ 2 पर

# भाजपा की मंजुषा नागपुरे बनीं पुणे की महापौर

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**पुणे, 9 फरवरी-** महाराष्ट्र निकाय चुनाव रिजल्ट के बाद अब नगर निगमों में मेयर चुनाव हो रहे हैं. मामला पुणे में फंसा था. सोमवार को एनसीपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने चुनाव के अंतिम क्षण में नामांकन वापस ले लिया.कांग्रेस और एनसीपी के पीछे हटने के बाद भाजपा पार्षद मंजुषा नागपुरे निर्विरोध पुणे की महापौर चुन ली गई हैं.शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के पीएमसी समूह नेता गणेश बिडकर की अपील के बाद, एनसीपी की शीतल सावंत और कांग्रेस की अश्विनी लांडगे ने चुनाव से नाम वापस ले लिया.बिडकर ने हाल ही में दिवंगत महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और पुणे के पालक मंत्री अजीत पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री और पुणे सांसद सुरेश कलमाडी के सम्मान में राजनीतिक दलों से चुनाव न लड़ने का आग्रह किया.नाम वापस लेने से पहले महापौर पद के लिए कुल तीन नामांकन दाखिल किए गए थे.

### डिप्टी मेयर का पद आठवले के परशुराम वाडेकर को



## विपक्ष के आह्वान पर बंद रहा बलूचिस्तान

**कराची, 9 फरवरी-**पाकिस्तान में आठ फरवरी 2024 को हुए आम चुनाव की वर्षगांठ पर विपक्ष के आह्वान के बाद बलूचिस्तान के ज्यादातर हिस्से बंद रहे.हड़ताल का आह्वान तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-आइन पाकिस्तान ने किया था, जो देश में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सहित सभी विपक्षी राजनीतिक दलों का संयुक्त मोर्चा है.

## यूनिवर्सल किडनी की दिशा में बड़ी कामयाबी

# ब्लड ग्रुप नहीं बनेगा किडनी ट्रांसप्लांट के केस में बड़ी रुकावट!

## किसी भी ब्लड ग्रुप के डोनर की किडनी किसी भी मरीज को लगाई जा सकेगी

एजेंसी/प्रतिदिन अखबार

**मुंबई, 9 फरवरी-**ट्रांसप्लांट को लेकर वैज्ञानिकों ने एक बड़ी और उम्मीद जगाने वाली सफलता हासिल की है.सालों की मेहनत के बाद शोधकर्ता अब उस मुकाम के करीब पहुंच गए हैं, जहां किसी भी ब्लड ग्रुप के डोनर की किडनी किसी भी मरीज को लगाई जा सकेगी. इससे किडनी के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट कम होगी और हजारों जानें बच सकती हैं.



कनाडा और चीन के वैज्ञानिकों की एक संयुक्त टीम ने रिसर्च में ऐसी यूनिवर्सल किडनी तैयार की है, जिसे सैद्धांतिक तौर पर किसी भी मरीज के शरीर में लगाया जा सकता है. इस किडनी को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति के शरीर में टेस्ट किया गया, जहां यह कई दिनों तक जिंदा रही और सामान्य रूप से काम भी करती रही. परिवार की सहमति से यह रिसर्च की गई थी.यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के वैज्ञानिक स्टीफन विदर्स के मुताबिक, यह पहली बार है जब इंसान के मॉडल में यह तकनीक काम करते देखी है. होता यह है कि जिनका ब्लड ग्रुप o होता है, उन्हें ज्यादातर सिर्फ o ग्रुप की किडनी का ही इंतजार करना पड़ता है. ऐसे मरीज वेटिंग लिस्ट में सबसे ज्यादा होते हैं, लेकिन ग्रुप की किडनी की संख्या कम होती है.

### प्रक्रिया मौजूद, लेकिन महंगी और रिस्की

अभी अलग ब्लड ग्रुप में किडनी ट्रांसप्लाट करना संभव है, लेकिन इसके लिए मरीज के शरीर को पहले तैयार करना पड़ता है ताकि वह किडनी को रिजेक्ट न करे. यह प्रक्रिया लंबी, महंगी, जोखिम भरी होती है और ज्यादातर मामलों में लिविंग डोनर की जरूरत पड़ती है.इसलिए यह तरीका सभी लोगों के लिए व्यावहारिक नही है.

